फाइल सं. पी-11015/1/2022-पीपीसी

भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली 25 अक्तूबर, 2022

विषय: सितंबर, 2022 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल हेतु सारांश (संख्या-9)।

सितंबर, 2022 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/कार्यक्रमों की रूपरेखा नीचे दी गई है:-

1. भारत की माननीय राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने दिनांक 30.09.2022 को श्री अनुराग सिंह ठाकुर, माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री और डॉ. एल. मुरुगन, माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री की उपस्थिति में वर्ष 2020 के लिए **68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** प्रदान किए। इस अवसर पर महान अभिनेत्री सुश्री आशा पारेख को दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2020 प्रदान किया गया। 'टेस्टिमनी ऑफ एना' को सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म और 'सूरराई पोट्रु' ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता। श्री सूर्या और श्री अजय देवगन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार का संयुक्त विजेता घोषित किया गया जबकि सुश्री अपर्णा बालमुरली ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। श्री सच्चिदानंदन केआर ने मलयालम फिल्म एके अय्यप्पनम कोशियम के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता और 'तानाजी : द अनसंग वॉरियर' को संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार मिला। मध्य प्रदेश ने सर्वाधिक फिल्म अनुकूल राज्य का पुरस्कार जीता जबकि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश को विशेष उल्लेख दिया गया। विभिन्न श्रेणियों के सभी विजेताओं पर ग्राफिक्स/छवियों और वीडियो/रील की एक श्रृंखला के साथ-साथ पुरस्कार विजेताओं के बाइट्स को हैशटैग **#NationalFilmAwards** के तहत सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया गया।

2. **आज़ादी का अमृत महोत्सव: भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष**

*'जन भागीदारी और जन आंदोलन' की भावना के तहत* आज़ादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) मनाने के लिए कई तरह की पहलें की जा रही हैं।

2.1 माननीय विदेश और शिक्षा राज्य मंत्री, डॉ. आर के रंजन ने **पहली बार तीन दिवसीय "फ्लोटिंग" फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन** किया, जिसका आयोजन केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा लोकतक झील में 21.09.2022 को पिछले 8 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ **विस्मृत मणिपुरी स्वतंत्रता सेनानियों की** उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए किया गया था। "सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के आठ वर्ष" संबंधी लगभग 88 मणिपुरी भाषा के क्रिएटिव्स और 11 विस्मृत मणिपुरी स्वतंत्रता सेनानियों के क्रिएटिव्स को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्वोत्तर भारत के कम से कम 100 स्वतंत्रता सेनानियों को स्वतंत्रता संग्राम के समग्र इतिहास में शामिल किया जाएगा।

2.2 दूरदर्शन द्वारा निर्मित ***"स्वराज: भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा"* की एक विशेष एक्रीनिंग** का आयोजन इन्द्रधनुष सभागार, पंचकुला में दिनांक 27.09.2022 को किया गया, जिसमें हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और राज्य मंत्रिमंडल के अन्य वरिष्ठ

सदस्य, सांसद, विधायक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शैक्षिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों से एकेएएम के तहत कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित करने का आह्वान किया।

2.3 गीत और नाटक प्रभाग, सीबीसी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के कलाकारों ने **कर्तव्य पथ के उद्‌घाटन** और **नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के अनावरण** पर संगीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, नाटक और प्रदर्शनियाँ जैसे मनोरंजन सह इंफोटेनमेंट कार्यक्रमों का एक मंत्रमुग्ध मिश्रण पेश करके दर्शकों को मोह लिया। स्टेप प्लाजा ओपन-एयर स्टेज पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम हर उम्र के लोगों के लिए हर रोज सूर्यास्त के बाद रात 8 बजे तक निशुल्क आयोजित किए गए थे। 17.09.2022 को **रक्तदान अमृत महोत्सव (रक्तदान अभियान)** के उपलक्ष्य में सीबीसी ने विशेष कार्यक्रमों का भी आयोजन किया।

2.4 सीबीसी द्वारा ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस) के*** सितंबर 2022 के ***पाक्षिक संस्करण में "आत्म निर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री का* अगले 25 वर्षों के लिए *अमृत यात्रा का विजन"*** और ***"100 निर्णय जो राष्ट्र के विकास के लिए प्रेरक शक्ति होंगे क्योंकि यह एक 'नए भारत' की अमृत यात्रा की ओर अग्रसर है"*** को 13 भाषाओं में मुद्रित और देश भर में वितरित किया गया। MyGov India के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से एनआईएस के ई-संस्करण 70 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए। एनएसडी: आकाशवाणी ने लोक कल्याणकारी उपायों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 17.09.2022 से 100.1 एफएम गोल्ड पर ***'न्यू इंडिया समाचार'*** नामक एक नया साप्ताहिक कार्यक्रम शुरू किया।

2.5 **हिंदी एनिमेशन सीरीज '*भारती और बिबो*'** (भारती और उसका जादुई कीड़ा) का पायलट एपिसोड आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में बनाया जा रहा है। निदेशक मंडल, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लिमिटेड (एनएफडीसी) ने 20.07.2022 को आयोजित अपनी 189वीं बैठक में इस एनिमेशन श्रृंखला के सह-निर्माण को मंजूरी दी और सह-निर्माता पपेटिका मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक सह-उत्पादन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। **एनएफडीसी की पहली एनिमेशन फीचर फिल्म '*पेड पे कमरा*** का सह-निर्माण अनुबंध को-प्रोड्यूसर पेपरबोट स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड के साथ भी हस्ताक्षरित किया गया है और यह फिल्म प्री-प्रोडक्शन के तहत है।

2.6 फिल्म प्रभाग ने **विनोबा भावे की जयंती** पर 11.09.2022 को एक फिल्म **(225 व्यूअरशिप)** और **'शिक्षक दिवस'** पर 05.09.2022 को अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर फिल्म **(3678 व्यूअरशिप)** की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया।

3. **पूर्व माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू** ने 23.9.2022 को **'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास' नामक पुस्तक** का विमोचन किया जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के चयनित भाषणों का संकलन है। इसे प्रकाशन विभाग (डीपीडी) द्वारा प्रकाशित किया गया है। इस अवसर पर केरल के माननीय राज्यपाल, श्री आरिफ मोहम्मद खान और माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर भी मौजूद थे। यह पुस्तक विभिन्न विषयों पर मई 2019 से मई 2020 तक प्रधानमंत्री जी के 86 भाषणों का संकलन है।

4. भारत के पूर्व माननीय राष्ट्रपति, श्री राम नाथ कोविंद ने 16.09.2022 को माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग ठाकुर, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति केजी बालकृष्ण, माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन की उपस्थिति में **"अम्बेडकर एंड मोदीः रिफार्मरस आइडियाज परफार्मरस इम्प्लीमेंटेशन"** नाम पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक नया भारत की विकास यात्रा में एक मील का पत्थर के रूप में कार्य करती है और विश्लेषण करती है कि कैसे डॉ. अंबेडकर जैसी व्यक्तित्व की दृष्टि अंततः पीएम मोदी के दूरदर्शी और गतिशील नेतृत्व के तहत साकार हो रही है। इस आयोजन से पहले न्यायमूर्ति केजी बालकृष्ण और श्री अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' पर आयोजित डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जीवन, शिक्षाओं और योगदान पर ध्यान केंद्रित करते हुए तीन दिवसीय डिजिटल इंटरएक्टिव मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

5. **सेवा समर्पण के 21 वर्षः** माननीय प्रधान मंत्री जी के जन्मदिन के अवसर पर, डीडी न्यूज नेटवर्क ने विशेष शोध आधारित कार्यक्रमों के साथ सुशासन के 21 साल पूरे होने का जश्न मनाया जैसे **17.09.2022 से *'सेवा समर्पण के 21 साल'*** सीरीज देश भर से लाइव रिपोर्ट और **ग्राउंड रिपोर्ट** के साथ प्रसारित, संकटग्रस्त देशों से भारतीयों को निकालने के लिए सफल संचालन पर विशेष कार्यक्रम ***'मोदी मंत्र - संकट में मानवता की मिसाल'*** का 17.09.2022 को प्रसारण आदि।

6. इस मंत्रालय ने **प्रधानमंत्री के मन की बात बुकलेट के अगस्त, 2022 संस्करण** को प्रकाशित किया है। इसका ई-संस्करण पूरे देश में लगभग 6 करोड़ नागरिकों को ई-संपर्क के माध्यम से वितरित किया गया था और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, MyGov, भारत के प्रधानमंत्री और मंत्रालय की मीडिया इकाइयों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया था। इसकी मुद्रित पुस्तिका देश के सभी सांसदों और विधायकों और भारत सरकार के सभी सचिवों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों, पीआईबी से मान्यता प्राप्त पत्रकारों और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों को वितरित की जाती है।

7. सीबीसी ने केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों, नीतियों और योजनाओं का प्रचार करने और जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विज्ञापनों की एक श्रृंखला के माध्यम से ***'विकसित भारत' अभियान*** शुरू किया। जय अनुसंधान, अंत्योदय और पुरानी सोच से मुक्ति जैसी थीम को इस माह के दौरान कवर किया गया। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों, नीतियों और योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए आठ क्रिएटिव के उपयोग द्वारा हुए आठ विषयों पर अखिल भारतीय आधार पर एक महीने के लिए एक आउटडोर अभियान भी जारी किया गया।

8. भारत को 19 से 21 सितंबर, 2022 तक नई दिल्ली में एशिया-पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट (एआईबीडी) की **47वीं वार्षिक सभा और 20वें आम सम्मेलन और एसोसिएटेड मीटिंग्स की मेजबानी करने का सम्मान मिला है** जिसमें माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग ठाकुर ने भी भागीदारी की। वर्ष 2022 के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार श्री मयंक अग्रवाल, सीईओ, प्रसार भारती और अध्यक्ष, एआईबीडी को प्रदान किया गया। एआईबीडी ने सर्वसम्मति से भारत की अध्यक्षता को एक और वर्ष के लिए बढ़ा दिया।

9. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने 29.09.2022 को अहमदाबाद में दूरदर्शन (डीडी), ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर), पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और केंद्रीय

संचार ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा की। मंत्री जी ने सभी मीडिया इकाइयों को 02.10.2022 से एक पखवाड़े के लिए अनुपयोज्य वस्तुओं पर विशेष जोर देते हुए **विशेष स्वच्छता अभियान** चलाने का आह्वान किया।

10. सूचना और प्रसारण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने 27.09.2022 को मुंबई में आयोजित **फिक्की फ्रेम्स फास्ट ट्रैक 2022** के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। उद्घाटन समारोह में फिल्म निर्माता रमेश सिप्पी, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रणवीर सिंह, मेयर वेस्ट यॉर्कशायर, यूके, ट्रेसी ब्रेबिन, सांसद, स्थायी समिति के सदस्य और फिक्की के वरिष्ठ सदस्यों सहित फिल्म जगत के लोग उपस्थित थे। अपने विशेष संबोधन में, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव ने उल्लेख किया कि मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वर्ष 2030 तक 100 बिलियन डॉलर से अधिक तक की वृद्धि होनी चाहिए। उन्होंने यह भी घोषणा की कि फिल्म क्षेत्र में अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए इन्वेस्ट इंडिया के सहयोग से फिल्म फेसिलिटेशन कार्यालय को नया रूप दिया जाएगा। सरकार मॉडल थिएटर नीति और थिएटरों के लिए सिंगल-विंडो क्लीयरेंस के साथ थिएटरों की घटती संख्या की प्रवृत्ति को बदल देगी और नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग एंड कॉमिक्स (एवीजीसी) को पीपीपी मोड में स्थापित किया जाएगा।

11. राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी), सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 8 से 18 सितंबर, 2022 तक टोरंटो में आयोजित **टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ)** में **टीआईएफएफ उद्योग** में एक पैवेलियन स्थापित करके भाग लिया, जो कि टीआईएफएफ के लिए फिल्म बाजार है। **इंडिया पवेलियन** को 'इंडिया एज़ ए कंटेंट हब' थीम और फिल्म फैसिलिटेशन ऑफिस (एफएफओ) ब्रांडिंग के साथ ब्रांडेड किया गया था। एफएफओ ने 1 से 6 सितंबर, 2022 तक आयोजित **वेनिस प्रोडक्शन ब्रिज**, **फिल्म मार्केट ऑफ द वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल** में भी भाग लिया। 03.09.2022 को इटैलियन पवेलियन में 'इटली एंड इंडिया: बिल्डिंग ए कॉमन ऑडियंस' शीर्षक का एक सत्र आयोजित किया गया और 04.09.2022 को फिल्म आयोगों के साथ एक गोलमेज बैठक और 05.09.2022 को 'इंडिया एज़ ए कंटेंट डेस्टिनेशन' शीर्षक से एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई।

12. डीडी न्यूज/डीडी इंडिया और एनएसडी: आकाशवाणी ने अनेक अवसरों पर **लाइव कवरेज** और **व्यापक प्रचार** प्रदान किया जैसे माननीय राष्ट्रपति द्वारा **शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय पुरस्कार** प्रदान करने और **प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान** के शुभारंभ; माननीय प्रधान मंत्री द्वारा पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत **आईएनएस विक्रांत** की कमीशनिंग और **नौसेना के नए झंडे** का अनावरण, **'कर्तव्य पथ'** का उद्घाटन और इंडिया गेट पर **नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा** का अनावरण; **जापान के पूर्व प्रधान मंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार** में भाग लेने के लिए मोदी जी की **जापान यात्रा** और जापान के माननीय प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक, बांग्लादेश की माननीय प्रधान मंत्री शेख हसीना के साथ **संयुक्त प्रेस वक्तव्य**; **पहले कौशल दीक्षांत समारोह** में संबोधन, **अयोध्या में लता मंगेशकर चौक के लोकार्पण** के अवसर पर वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधन और **शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ)** के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 22 वीं बैठक में संबोधन और कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें। डीडी न्यूज ने विशेष रूप से भारत में विलुप्त चीतों को फिर से बसाने के लिए **प्रोजेक्ट चीता** अभियान को कवर किया और 17.09.2022 को एक **विशेष लाइव कार्यक्रम** का प्रसारण किया गया, जहां माननीय प्रधान मंत्री ने मध्य प्रदेश के कुनो

नेशनल पार्क में नामीबिया से लाए गए **आठ चीतों को रिलीज किया**। अहमदाबाद में **36वें राष्ट्रीय खेलों** का माननीय प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन का प्रसारण और उद्घाटन समारोह, परिणाम, पदक तालिका आदि का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज द्वारा हर बुलेटिन में किया जा रहा है। एक **विशेष कार्यक्रम *'राष्ट्रीय खेल 2022'*** साक्षात्कार, लाइव ग्राउंड इनपुट आदि के साथ अंग्रेजी/हिंदी में रोज प्रसारित किया जा रहा है।

13. **'जम्मू और कश्मीर और लद्दाख'** पर डीपीडी द्वारा प्रकाशित योजना पत्रिका के सितंबर 2022 के विशेष अंक में सुरम्य परिदृश्य, संस्कृति, विरासत, शिक्षा, साहित्य, डिजिटल क्रांति और जम्मू, कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र में प्रगति सुनिश्चित करने वाली कई सरकारी पहलों की एक झलक प्रदान की गई है। इसके साथ ही अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और नए संघ राज्य क्षेत्रों के गठन के बाद क्षेत्र की विकास कहानी पर ध्यान केंद्रित किया।

14. 14.09.2022 को **हिंदी दिवस के समारोहों** के आयोजन के भाग के रूप में माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री का एक **संदेश** जारी किया गया। मंत्रालय के मुख्य सचिवालय ने **14 से 29 सितंबर, 2022 तक हिंदी पखवाड़ा** मनाया, जिसमें नोटिंग और ड्राफ्टिंग, वाद-विवाद, निबंध लेखन, श्रुतलेख, टंकण और आशुलिपिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रमुख हिंदी लेखकों और कवियों पर ग्राफिक्स / छवियों और वीडियो / रीलों की एक श्रृंखला को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैशटैग **#हिंदीपखवाड़ा**, **#हिंदी_दिवस** के तहत एक लेखन और पाठ प्रतियोगिता के साथ साझा किया गया। फिल्म प्रभाग ने 13-14 सितंबर, 2022 को **'हिंदी दिवस' पर** अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर **चार फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग** का आयोजन किया।

15. प्रकाशन विभाग (डीपीडी) ने नई दिल्ली में 30.09.2022 को आयोजित पुस्तक उत्पादन 2022 में उत्कृष्टता के लिए फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) 42 वें वार्षिक पुरस्कारों में अपनी पुस्तकों के लिए विभिन्न श्रेणियों में **नौ पुरस्कार** जीते। पुरस्कारों में विभिन्न श्रेणियों में छह प्रथम पुरस्कार, एक द्वितीय पुरस्कार और दो तृतीय पुरस्कार शामिल थे।

16. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई पहलें**:-

- दिनांक 30.12.2020 को जारी संशोधित डीटीएच दिशानिर्देशों को आगे बढ़ाते हुए, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारत में **डायरेक्ट टू होम (डीटीएच) सेवाओं के लिए परिचालन दिशानिर्देश** जारी किए हैं। ये दिशानिर्देश लाइसेंस शुल्क के भुगतान, प्लेटफॉर्म सेवाओं (पीएस) चैनलों और डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा बुनियादी ढांचे को साझा करने के संबंध में परिचालन संबंधी रूपरेखा प्रदान करते हैं और आदेश जारी होने की तारीख अर्थात 16.09.2022 से प्रभावी हुए हैं।

- आंतरिक वित्तीय नियंत्रण तंत्र, प्रभावी वित्तीय और जोखिम प्रबंधन को सुव्यवस्थित और मजबूत करने की दृष्टि से; हाल ही में प्रसार भारती बोर्ड की 169 वीं बैठक में बोर्ड की स्वीकृति से **प्रसार भारती में एक आंतरिक लेखा परीक्षा विंग** बनाया गया है। प्रसार भारती की स्वीकृति से प्रसार भारती के **आंतरिक लेखा परीक्षा नियमावली-2022 का पहला संस्करण** प्रसार भारती के नव सृजित आंतरिक लेखा परीक्षा विंग (आईएडब्ल्यू) के सभी अधिकारियों और प्रसार के सभी संबद्ध क्षेत्र इकाई स्तर के अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए भी जारी किया गया है ताकि उन्हें उनके आधिकारिक कामकाज में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके।

- सरकार-उद्योग संवाद में 26.09.2022 को मुंबई में नोडल विकास एजेंसी राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) द्वारा आयोजित एक हितधारक बैठक में **मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र की क्षमता को उजागर करने** के लिए कार्यनीतियों पर चर्चा की गई। उद्योग का प्रतिनिधित्व प्रशंसित फिल्म निर्माताओं और उद्योग के पेशेवरों द्वारा किया गया था और यह विचार-विमर्श एम एंड ई उद्योग की क्षमता को उजागर करने के लिए सरकार द्वारा की गई रणनीतिक पहल पर केंद्रित था। उद्योग से फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ) इकोसिस्टम का लाभ उठाने का आग्रह किया गया और इस संबंध में उनके सुझावों को विधिवत नोट किया गया।

- डीडी न्यूज द्वारा न्यूज बुलेटिन में एक **नया खंड *'न्यूज लेंस'*** पेश किया गया है जो दिन की बड़ी खबरों पर ध्यान केंद्रित करता है और तथ्यों की गहराई तक जाता है और एक व्याख्याता वीडियो के रूप में कहानी को सामने लाता है। स्वच्छ ऊर्जा परिदृश्य, यूएनजीए में भारत की ऐतिहासिक भूमिका, सेमीकंडक्टर्स में भारत की बड़ी छलांग, नासा के डार्ट मिशन आदि जैसे विषयों को अब तक कवर किया गया है।

- **पोषण माह:** आम जनता में जागरूकता पैदा करने और पोषण के महत्व को उजागर करने के लिए , सीबीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों ने देश भर में विभिन्न आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें 60 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी), 20 विशेष आउटरीच कार्यक्रम (एसओपी), 03 वेबिनार और 37 फील्ड कार्यक्रम शामिल थे।

- **डिजीटल मीडिया:**
    - मंत्रालय ने आईटी अधिनियम की धारा 69ए के उल्लंघन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 के तहत **10 YouTube चैनलों से 45 YouTube वीडियो को ब्लॉक कर दिया।**
    - **ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भारत के मानचित्र के गलत चित्रण के** संबंध में सर्वे ऑफ इंडिया से प्राप्त संदर्भ के आधार पर दो मामलों में सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 के तहत कार्रवाई की गई। एक मामले में, संबंधित दृश्य में संशोधन किया गया था, और दूसरे में, वेब-श्रृंखला के संबंधित एपिसोड को हटा दिया गया था।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने माह के दौरान 01 नई अनुमतियां जारी कीं। भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए **30.09.2022 की** सथिति के अनुसार निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **898** है ।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):** मंत्रालय ने महीने के दौरान **पंद्रह (15) नए मंजूरी करार अनुमति (जीओपीए)** पर हस्ताक्षर किए हैं और **आठ (08) जीओपीए का नवीनीकरण** किया है और **03 सीआरएस** को सहायता अनुदान जारी किया गया है ।

- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **7258 प्रेस विज्ञप्तियां जारी** की हैं, **16 औपचारिक प्रेस सम्मेलन, 7 वार्ता, 13 वेबिनार** आयोजित किए हैं और पोषण माह, फिट इंडिया, स्वच्छ भारत, पीएम गति शक्ति, भारतीय मत्स्य पालन, आदि पर **13 लेख** कमीशन किए हैं। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट द्वारा **16 फर्जी खबरों का पर्दाफाश किया** और 32 ट्वीट किए।

- सीबीसी के क्षेत्रीय/फील्ड कार्यालयों (आरओ/एफओ) ने स्वच्छ भारत अभियान, राष्ट्रीय पोषण मिशन, अटल जल जीवन मिशन, आज़ादी का अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत, सेवा, सुशासन और गरीब के 8 वर्ष कल्याण आदि विषयों पर **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म** के माध्यम से जागरूकता का प्रसार किया जो निम्नानुसार हैं:

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टरों/संदेशों/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 30926 (291327) | 11321 | 5726 | 68740 |

- **सोशल मीडिया कवरेज:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने विभिन्न प्लेटफार्म पर महीने के दौरान विभिन्न विषयों पर **130 से अधिक ग्राफिक्स, वीडियो, चित्र, पोस्ट आदि साझा करके व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।**

  **आजादी का अमृत महोत्सव** और अन्य प्रमुख अभियानों जैसे कि राष्ट्रीय पोषण सप्ताह, हिंदी पखवाड़ा 2022, आज़ादी क्वेस्ट गेम्स, राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार आदि को इन्फोग्राफिक्स, रीलों, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से हाइलाइट किया गया था।

  टीकाकरण आदि पर केंद्रित रचनात्मक वीडियो/इन्फोग्राफिक्स (लगभग **251 ट्वीट्स**) के माध्यम से COVID-19 संदेश भी **समर्पित ट्विटर हैंडल @COVIDNewsByMIB** के माध्यम से साझा किए गए हैं।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23073775